रोल नं.
**Roll No.** | | | | | | | | |

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 6
**No. Of printed pages : 6**

**121** **421 (KMS)**

# 2026
## (प्रतिदर्श प्रश्न पत्र)
## राजनीति विज्ञान
# POLITICAL SCIENCE

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 80
**Time : 3 Hours ]** **[Max. Marks : 80**

निर्देश : (i) इस प्रश्न–पत्र में कुल 26 प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।
**Directions :** There are in all 26 questions in this question paper. **All** questions are **compulsory.**

(ii) प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।
Marks alloted to the questions are mentioned against them.

(iii) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा समुचित उत्तर दीजिए।
Read each question carefully and answer to the point.

(iv) प्रश्न संख्या 1 बहुविकल्पीय प्रश्न है। इस प्रश्न के प्रत्येक खण्ड के उत्तर में चार विकल्प दिये गए हैं। सही विकल्प अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए। प्रश्न संख्या 2 से 7 तक निश्चित उत्तरीय प्रश्न हैं।
Question No. 1 is multiple choice question. Four options are given in answer of each part of this question. Write correct option in your answer book. Question No. 2 to 7 are definite answer type questions.

(v) प्रश्न संख्या 8 से 12 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए।
Question No. 8 to 12 are to be answered in about 40 words each.

(vi) प्रश्न संख्या 13 से 20 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए।
Question No. 13 to 20 are to be answered in about 100 words each.

(vii) प्रश्न संख्या 21 से 25 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए।
Question No. 21 to 25 are to be answered in about 150 words each.

(viii) प्रश्न संख्या 26 केस/स्रोत आधारित प्रश्न है, जिसका उत्तर निर्देशानुसार दीजिए।
Question No. 26 is Case/Source based question, to be answered as directed.

(ix) इस प्रश्न–पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है तथापि कतिपय प्रश्नों में आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर दीजिए।
There is no overall choice in this question paper, however, an internal choice has been provided in few questions. Attempt only one of the given choices in such questions.

1. (क) 1917 की रूसी क्रान्ति के नायक कौन थे ? 1

(i) ब्लादिमीर लेनिन (ii) कार्ल मार्क्स

(iii) जोजेफ स्टॉलिन (iv) बोरिस येल्तसिन

Who was the hero of the Russian Revolution of 1917 ?

(i)Vladimir Lenin (ii) Karl Marks

(iii) Joseph Stalin (iv) Boris Yeltsin

(ख) आसियान की स्थापना कब हुई ? 1

(i) 1950 (ii) 1970

(iii) 1967 (iv) 1980

When was ASEAN founded?

(i) 1950 (ii) 1970

(iii) 1967 (iv) 1980

(ग) बांग्लादेश का स्वतंत्र होना किस घटना से जुड़ा है ? 1

(i) भारत–पाकिस्तान युद्ध 1947 (ii) भारत–पाकिस्तान युद्ध 1971

(iii) भारत–चीन युद्ध 1962 (iv) भारत–पाकिस्तान युद्ध 1965

With which event is the independence of Bangladesh associated?

(i) India- Pakistan War of 1947 (ii) India- Pakistan War of 1971

(iii) India-China War of 1962 (iv) India-Pakistan War of 1965

(घ) सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्यों को वीटो पावर क्यों दी गई है ? 1

(i) वैश्विक शक्ति संतुलन बनाये रखने के लिए (ii) अपने आर्थिक हित के लिए

(iii) सैन्य गठबन्धन बढ़ाने के लिए (iv) सांस्कृतिक सहयोग बढ़ाने के लिए

Why were the permanent members of the Security Council given Veto Power?

(i) To maintain the global balance of power (ii) For their economic interests

(iii) To expand military alliances (iv) To promote cultural cooperation

(ड़) भारत का प्रथम गणतंत्र दिवस कब मनाया गया था ? 1

(i) 26 जनवरी 1948 (ii) 26 जनवरी 1949

(iii) 26 जनवरी 1950 (iv) 15 अगस्त 1947

When was the first Republic Day of India celebrated?

(i) 26 January 1948 (ii) 26 January 1949

(iii) 26 January 1950 (iv) 15 August 1947

(च) एक दल के प्रभुत्व के दौर को लोकतंत्र के लिए खतरा क्यों नहीं माना गया ? 1

(i) क्योंकि सरकार ने विपक्ष को समाप्त कर दिया था (ii) क्योंकि प्रेस पर नियंत्रण था

(iii) क्योंकि विपक्ष मौजूद था और चुनाव स्वतंत्र थे। (iv) क्योंकि जनता ने विरोध नहीं किया।

Why was the period of one-party dominance not considered a threat to democracy?

(i) Because the government had eliminated the opposition

(ii) Because the press was under control

(iii) Because the opposition existed and the elections were free

(iv) Because the people did not protest

(छ) इण्डियन नेशनल आर्मी का गठन किसके द्वारा किया गया ? 1

(i) जवाहर लाल नेहरू (ii) सुभाष चन्द्र बोस

(iii) महात्मा गॉंधी (iv) भगत सिंह

By whom was the Indian National Army formed?

(i) Jawaharlal Nehru (ii) Subhash Chandra Bose

(iii) Mahatma Gandhi (iv) Bhagat Singh

(ज) 1971 के चुनाव में गरीबी हटाओ के नारे ने किस प्रकार की राजनीतिक रणनीति को जन्म दिया ? 1

(i) वर्ग आधारित राजनीति (ii) क्षेत्रीय राजनीति

(iii) करिश्माई नेतृत्व केन्द्रित राजनीति (iv) जातीय राजनीति

What kind of political strategy did the slogan *Garibi Hatao*give rise to in the 1971 elections?

(i) Class based politics (ii) Regional politics

(iii) Charismatic leadership-Centered politics (iv) Caste-based politics

**निर्देश :** प्रश्न संख्या –1 के अगले दो खण्डों में, दो कथनों को **अभिकथन (A)** तथा **कारण (R)** के रूप में चिन्हित किया गया है। निम्नलिखित विकल्पों (i), (ii), (iii) तथा (iv), में से चुनकर इनका सही उत्तर दीजिए।

**Direction :** In next two parts of Question No. -1, there are two statements labelled as **Assertion (A)** and **Reason (R).** From the following options (i), (ii), (iii) and (iv), select their correct answer.

(i) A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।
Both A and R are correct and R is the correct explanation of A.

(ii) A तथा R दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।
Both A and R are correct but R is not the correct explanation of A.

(iii) A सही है परन्तु R गलत है।
A is correct but R is incorrect.

(iv) A तथा R दोनों गलत हैं।
Both A and R are incorrect.

(झ) **अभिकथन** (A) : ग्लोबल वार्मिंग के कारण समुद्र का जलस्तर बढ़ता है।

**कारण** (R) : ग्लोबल वार्मिंग के कारण ग्लेशियर और बर्फ की चादरें पिघलती हैं। 1

Assertion (A): Due to global warming, the sea level rises.

Reason (R): Because of global warming, glaciers and ice sheets melt.

(ञ) **अभिकथन** (A) : भारतीय राजनीति में गठबन्धन युग लोकतांत्रिक विविधता का प्रतीक है।

**कारण** (R) : इससे विभिन्न राज्यों और समुदायों को नीति निर्माण में भागीदारी का अवसर मिला।

Assertion (A): The coalition era in Indian politics is a symbol of democratic diversity.

Reason (R): It gave various states and communities the opportunity to participate in policy-making.

2. परमाणु अप्रसार समझौते का मुख्य उद्देश्य क्या है ?
What is the main objective of the Nuclear Non-Proliferation Treaty? 1

3. वैश्वीकरण का छोटे व्यवसाय पर पड़ने वाला कोई एक प्रभाव बताइये।
Mention one impact of globalization on small businesses. 1

4. यदि वैश्वीकरण के कारण स्थानीय सांस्कृतिक पहचान को क्षति पहुँच रही हो, तो क्या करना चाहिए ?
If globalization is damaging cultural identity, what should be done? 1

5. 1975 में जनता के संसद–मार्च का नेतृत्व किस नेता के द्वारा किया गया ?
Which leader led the people's march to Parliament in 1975? 1

6. पंजाब समस्या के समाधान के लिए केन्द्र सरकार ने कौन–सा समझौता किया ?
Which agreement did the central government make to reolve the Punjab problem? 1

7. यदि किसी राज्य में किसी भी पार्टी को चुनावों में स्पष्ट बहुमत न प्राप्त हो, तो ऐसी स्थिती में किस प्रकार की सरकार बनने की संभावना होगी ?
If no party secures a clear majority in the elections of a state, what type of government is likely to be formed in such a situation?

8. आसियान शैली से क्या अभिप्राय है ?
What is meant by the ASEAN way? 2

9. यदि कोई देश संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य के विरोध के बावजूद हमला करता है, तो अन्य सदस्य देशों को क्या कदम उठाने चाहिए ? 2
If a country attacks despite the opposition of a permanent member of the United Nations Security Council, what steps should other member countries take?

10. वैश्विक तापवृद्धि मनुष्य के लिए संकट क्यों है ? 2
Why is global warming a crisis for humanity?

11. प्रौद्योगिकी ने वैश्विकरण को कैसे प्रभावित किया ? 2
How has technology influenced globalization?

12. बॉम्बे प्लान क्या है ? 2
What is the Bombay Plan?

13. आसियान संगठन का मुख्य उद्देश्य क्या है ? 3
What is the main objective of the ASEAN organization?

14. संयुक्त राष्ट्रसंघ मे सुधारों की मॉग क्यों हो रही है ? 3
Why is there a demand for reforms in the United Nations?

15. भारत की पर्यावरण नीति का विश्लेषण कीजिए। 3
Analyze India's environmental policy.

16. भारत में एक–दलीय प्रभुत्व की स्थिति क्यों बनी ? 3
Why did a one-party dominant situation emerge in India?

17. कांग्रेस प्रणाली की पुनर्स्थापना का क्या अर्थ है ? 3
What does the restoration of the Congress system mean?

18. 1975 में देश में आपातकाल लगाने की पृष्ठभूमि का विश्लेषण कीजिए। 3
Analyze the background of the imposition of Emergency in the country in 1975.

19. भारत में गठबंधन राजनीति को सफल बनाने के लिए क्या किया जाना चाहिए ? 3
What should be done to make coalition politics successful in India?

20. मण्डल आयोग की रिपोर्ट के लागू होने से भारतीय राजनीति पर क्या प्रभाव पड़ा ? मूल्यांकन कीजिए। 3
What was the impact of the implementation of the Mandal commission Report on Indian politics? Evaluate.

21. शॉक थेरेपी के सकारात्मक तथा नकारात्मक प्रभाव का वर्णन कीजिए । 5
Describe the positive and negative impacts of shock therapy.

अथवा / OR

सोवियत संघ के विघटन का अंतर्राष्ट्रीय राजनीति पर क्या प्रभाव पड़ा ?
What was the impact of the disintegration of the Soviet Union on international politics?

22. भारत और पाकिस्तान के संबंधों का विस्तृत वर्णन कीजिए। 5
Give a detailed description of the relations between India and Pakistan.

अथवा / OR

भारत और बांग्लादेश के संबंधों का विस्तृत वर्णन कीजिए।
Give a detailed description of the relations between India and Bangladesh.

23. पारम्परिक सुरक्षा के तहत राष्ट्रीय सुरक्षा नीति तैयार करते समय किन कारकों को ध्यान में रखना चाहिए ? 5
What factors should be taken into consideration while formulating a national security policy under traditional security?

अथवा / OR

आतंकवाद को समकालीन सुरक्षा चुनौती के रूप में देखते हुए देशों को अपनी सुरक्षा नीति में क्या–क्या कदम उठाने चाहिए ?
Considering terrorism as a contemporary security challenge, what measures should countries take in their security policies?

24. राज्य पुनर्गठन आयोग क्या है ? इस आयोग की महत्वपूर्ण सिफारिशें क्या थीं ? 5
What is the States Reorganisation Commission? What were the important recommendations of this commission?

अथवा / OR

भारत में स्वतंत्रता के बाद देशी रियासतों का विलय किस प्रकार हुआ ? हैदराबाद, जूनागढ़ और जम्मू कश्मीर रियासत के उदाहरण के साथ विस्तार से बताईये।
How were the princely states integrated after India's independence? Explain with examples of Hyderabad, Junagadh, and Jammu & Kashmir.

25. भारत की एक्ट ईस्ट नीति का उद्देश्य क्या है ? इस नीति के माध्यम से भारत ने दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ अपने संबंधों को किस प्रकार मजबूत किया ? 5

What is the objective of India's Act East Policy? How has India strengthened its relations with Southeast Asian countries through this policy?

अथवा / OR

भारत की परमाणु नीति को समझाइये। इस नीति से भारत की वैश्विक स्थिति और सुरक्षा पर क्या प्रभाव पड़ा ?

Explain India's nuclear policy. How has this policy affected India's global position and security?

26. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा इसके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

**Read the following passage carefully and answer the questions given below-**

हजारिका का एक गीत.......एकता की विजय पर है, पूर्वोत्तर के सात राज्यों को इस गीत में एक ही माँ की सात बेटियाँ कहा गया है.......मेघालय अपने रास्ते गई.....अरूणाचल भी अलग हुई और मिजोरम असम के द्वार पर दूल्हे की तरह दूसरी बेटी से ब्याह रचाने को खड़ा है.....इस गीत का अंत असमी लोगों की एकता को बनाये रखने के संकल्प के साथ होता है और इसमें समकालीन असम में मौजूद छोटी–छोटी कौमों को भी अपने साथ एकजुट रखने की बात कही गई है.......करबी और मिजिंग भाई–बहन हमारे ही प्रियजन हैं।

A song by Hazarika...... is about the victory of unity. In this song, the seven states of the Northeast are described as seven daughters of the same mother. Meghalaya went its own way, ........Arunachal also separated, and Mizoram stands at Assam's door like a groom, ready to marry another daughter...... The song ends with a pledge to maintain the unity of the Assamese people, emphasizing the importance of keeping the small communities of contemporary Assam united as well. ........The Karbi and Mising are described as our own dear brother and sisters.

(क) लेखक यहाँ किस एकता की बात कह रहा है ? 1

What kind of unity is the writer talking about here?

(ख) पुराने राज्य असम से अलग करके पूर्वोत्तर के अन्य राज्य क्यों बनाये गये ? 2

Why were other north-eastern states created by separating them from the former state of Assam?

(ग) क्या आपको लगता है कि भारत के सभी क्षेत्रों के ऊपर एकता की यही बात लागू हो सकती है ? क्यों ? 2

Do you think the same idea of unity can be applied to all regions of India? Why?

.............................................................................................................................................